विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-25 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 25-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में अनु0जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत पीड़ित व्यक्तियों को शासन द्वारा आर्थिक मदद देने का प्राविधान है? | जी हॉ। |
| (ख)-यदि हॉ, तो जनपदवार वर्ष 2021 व 2022 में कुल कितने प्रकरण दर्ज हुए उनमें से कितनों को आर्थिक मदद दी जा चुकी है और कितनों को आर्थिक मदद देनी शेष है? | वर्ष 2021 में जनपद स्तर पर पुलिस विभाग से प्राप्त 17331 प्रकरणों में से 17327 प्रकरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है तथा 04 प्रकरण अवशेष है। इसी प्रकार वर्ष 2022 में जनपद स्तर पर पुलिस विभाग से प्राप्त 10637 प्रकरणों में से 8622 प्रकरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है तथा 2015 प्रकरण अवशेष है। |
| (ग)- उक्त लम्बित प्रकरणों में आर्थिक मदद देना कब तक सुनिश्चित करायेंगे? | लंबित प्रकरणों में 02 माह के अन्दर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। |

असीम अरूण
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)